# आई.टी.एल. पब्लिक स्कूल

द्वारका, नई दिल्ली

## पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका (Revision Worksheet)

**विषय: हिंदी व्याकरण | विषय-वस्तु: क्रिया और काल**

**विद्यार्थी का नाम:** ______________________________ **अनुक्रमांक (Roll No.):** _______________

**वर्ग (Section):** ___________ **कक्षा (Class):** 5 **दिनांक:** _______________

## भाग 'क' : क्रिया व काल

**प्र. 1. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द छाँटकर सामने दिए गए स्थान पर लिखिए:**

(क) रोहन मैदान में फुटबॉल खेल रहा है। → ____________________

(ख) पक्षी नीले आकाश में उड़ रहे हैं। → ____________________

(ग) माँ ने रसोई में स्वादिष्ट खाना बनाया। → ____________________

(घ) कल रात तेज़ बारिश हुई थी। → ____________________

**प्र. 2. कोष्ठक में दी गई क्रियाओं के उचित रूप से रिक्त स्थान भरिए:**

(क) बच्चे पार्क में रंग-बिरंगी पतंग _______________ रहे हैं। (उड़ाना)

(ख) अगले रविवार को हम सब चिड़ियाघर _______________। (जाना)

(ग) अध्यापिका जी कक्षा में नया पाठ _______________ रही हैं। (पढाना)

(घ) कोयल पेड़ की डाल पर बैठकर मधुर गीत _______________ है। (गाना)

**प्र. 3. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर काल के भेद लिखिए:**

(क) राहुल ने ताज़ा सेब खाया। → (____________________)

(ख) छोटा बच्चा ज़ोर-ज़ोर से हँस रहा है। → (____________________)

(ग) नीता सुंदर चित्र बना रही थी। → (____________________)

(घ) दर्जी नए कपड़े सीलेगा। → (____________________)

## भाग 'ख' : काल (Tense)

**प्र. 4. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर उनके काल का नाम (भूतकाल, वर्तमान काल या भविष्यत काल) लिखिए:**

(क) हम सब कल जयपुर जाएँगे। → ____________________

(ख) सूर्य पूर्व दिशा से उगता है। → ____________________

(ग) कल शाम को बहुत ठंडी हवा चल रही थी। → ____________________

(घ) भारत ने पिछला क्रिकेट मैच जीत लिया था। → ____________________

**प्र. 5. निर्देशानुसार वाक्यों का काल बदलकर पुनः लिखिए:**

(क) राम पुस्तक पढ़ता है। (भूतकाल में बदलिए)

उत्तर: ____________________________________________________________

(ख) हम कल बाज़ार गए थे। (भविष्यत काल में बदलिए)

उत्तर: ____________________________________________________________

(ग) सीमा कल मधुर गीत गाएगी। (वर्तमान काल में बदलिए)

उत्तर: ____________________________________________________________

## भाग 'ग' : बहुविकल्पी प्रश्न (MCQs)

**प्र. 6. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए:**

(क) "अध्यापक जी कक्षा में पढ़ा रहे हैं।" यह वाक्य किस काल को दर्शाता है?

☐ भूतकाल ☐ वर्तमान काल ☐ भविष्यत काल

(ख) आने वाले समय में होने वाली क्रिया को क्या कहते हैं?

☐ वर्तमान काल ☐ भूतकाल ☐ भविष्यत काल

***अभ्यास से ही भाषा में निपुणता आती है।***